प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

27.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

## प्रधानमंत्री गुजरात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हाल के घटनाक्रमों ने साबित किया है कि पाकिस्तान का भारत के विरूद्ध तथाकथित छद्म युद्ध वास्तव में एक सुनियोजित युद्ध रणनीति है। गुजरात के गांधीनगर में आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छह मई की घटनाओं के बाद भारत को आतंकी गतिविधियों का प्रमाण देने की अब आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि ये कोई अलग–थलग आतंकवादी कृत्य नहीं हैं, बल्कि एक समन्वित सैन्य रणनीति का हिस्सा है।

*आज तक जिसे हमें प्रॉक्सी वार कहते थे, 6 मई के बाद जो दृश्य देखे गए, उसके बाद हम इसे प्रॉक्सी वार कहने की गलती नहीं कर सकते हैं। और इसका कारण है, जब आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके, बाईस मिनट में साथियों उनको ध्वस्त कर दिया। और इस बार तो सब कैमेरा के सामने के सारी व्यवस्तारखी थी, ताकि हमारे घर में कोई सबूत नहीं मांगे।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत किसी से दुश्मनी नहीं चाहता है और भारत शांति से रहना चाहता है। उन्होंने कहा कि देश इस तरीके से प्रगति करने की आकांक्षा रखता है जो विश्व के कल्याण में योगदान दे सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार करोडों भारतीयों के उत्थान के लिए समर्पण के साथ कार्य कर रही है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में 20 वर्षों से अधिक पुरानी मशीनों व उपकरणों को एक साल के भीतर बदला जाएगा। शिमला में कल देर शाम आई.जी.एम.सी. शिमला व अटल इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशिलिटी चमियाणा के फैकल्टी सदस्यों के साथ संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने ये बात कही। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल चमियाणा व टांडा मैडिकल कॉलेज में दो माह के भीतर रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी मैडिकल कॉलेजों में चरणबद्ध ढंग से थ्री टेस्ला एम.आर.आई. मशीनें भी स्थापित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार को प्राथमिकता दे रही है और मैडिकल टैक्नोलॉजी पर एक हजार 3 सौ 50 करोड़ रूपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों के पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है और नर्सों की भर्ती में कोरोना महामारी के समय काम करने वाली नर्सों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और विधायक हरीश जनारथा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल

भारत ने आतंकवाद को पाकिस्तान के समर्थन को वैश्विक स्तर पर उजागर करना जारी रखा है। इसके लिए विभिन्न देशों का दौरा कर भारत ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति से सबको अवगत कराया है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने आज फ्रांस की राष्ट्रीय राजधानी में मीडिया से मुलाकात की। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का दृष्टिकोण बिल्कुल स्पष्ट है और पूरी दुनिया को एक स्वर में बोलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत ने अंतिम उपाय के रूप में सटीक हमला किया। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को अभी रोका गया है और पाकिस्तान को खुद को अच्छी तरह से पेश करना होगा। उन्हें आतंकवाद और सीमा पार आतंकवाद को रोकना होगा। डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व में एक अन्य प्रतिनिधिमंडल ने नेशनल असेंबली में स्लोवेनियाई राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष मार्क लोट्रिक से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सामान्य स्थिति से अवगत कराया।

बधाई

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान को झारखंड उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने पर शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नियुक्ति न्यायिक प्रणाली में उनकी ईमानदारी और समर्पण भाव को प्रदर्शित करती है।

मॉकड्रिल

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, के सहयोग से आगामी 6 जून को प्रदेशव्यापी भूकंप मॉक अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। अभ्यास के दृष्टिगत आज शिमला में सभी हितधारकों के लिए ओरियंटेशन व समन्वय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रमुख सलाहकार मेजर जनरल सेवानिवृत्त सुधीर बहल ने वर्चुअल माध्यम से भूकंप पर आधारित मेगा मॉक अभ्यास की रूपरेखा और कार्य योजना पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेगा मॉक अभ्यास को लेकर 3 जून को टेबल टॉप एक्सरसाइज भी की जायेगी।

———————————